आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 15.04.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अस्पताल से नवजात बच्चा चोरी होने पर संबंधित अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए।
- प्रदेश में बंद पड़े उद्योगों के बकाया भुगतान के लिए प्रयासरत है सरकार।
- राज्य में वनखण्डों और जल स्त्रोतों के नक्शे तैयार, संरक्षण में मिलेगी मदद ।
- इन्डियन प्रीमियर लीग में आज पंजाब किंग्स का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा।

सर्वोच्च न्यायालय बाल तस्करी

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण निर्देश में कहा कि अगर अस्पताल से कोई नवजात बच्चा चोरी होता है तो सबसे पहले संबंधित अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए भी आज कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने देश के उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे निचली अदालतों को निर्देश दें कि बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी की जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की सुनवाई प्रतिदिन की जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि निर्देशों को लागू करने में किसी भी तरह की ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा और इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा।

मुख्यमंत्री रतलाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रतलाम जिले के सैलाना रोड स्थित विधायक सभागृह में में अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सरकार मशीन आधारित की बजाय रोजगारपरक उद्योगों की स्थापना को प्राथमिकता दे रही है। नए उद्योग लगाने वालों को 70 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज और बिजली में भी छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नए औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए पक्के आवास बनाए जाएंगे। साथ ही बंद पड़े उद्योगों के बकाया भुगतान के लिए सरकार प्रयासरत है। इसी कड़ी में रतलाम की बंद पड़ी सज्जन मिल के श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने धार और झाबुआ में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा भी की।

राष्ट्रीय कार्यशाला

प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे विषयों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 18 अप्रैल से भोपाल में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव सत्र में मुख्य वक्तव्य देंगे।

राष्ट्रीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी।

आकाशवाणी प्रशिक्षण

राष्ट्रीय प्रसारण एवं मल्टीमीडिया अकादमी तथा आकाशवाणी द्वारा संयुक्त रूप से आज आकाशवाणी भोपाल में युवाओं के लिए एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम, प्रोग्राम प्रोडक्शन एवं प्रेजेंटेशन ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। साथ ही आकाशवाणी भोपाल में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के पद पर चयनित युवाओं के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल थे। अपने संबोधन में पटेल ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की बात कही.

आकाशवाणी भोपाल के केंद्र प्रमुख और उपमहानिदेशक अभियांत्रिकी यशवंत एच चिवंडे ने अपने स्वागत उद्बोधन में आकाशवाणी की व्यापक पहुंच का उल्लेख किया। वहीँ, कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट ने ईएलपी प्रोग्राम के शेड्यूल की जानकारी दी।

वन मानचित्र

प्रदेश में वन विभाग ने वनखण्डों के मूल मानचित्रों एवं राजस्व विभाग के खसरा वार उपलब्ध जीआईएस डेटा का उपयोग कर नक्शे तैयार किये गये हैं। अभी तक 64 वन मण्डल में से 40 के परिष्कृत मानचित्र तैयार किये गये हैं एवं 23 वन मण्डलों के वन क्षेत्रों के मानचित्रों का सुधार कार्य प्रगति पर है । इससे वनों के संरक्षण में मदद मिल रही है। इसी तरह सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त वन मण्डलों के सतही जल-स्रोतों का मानचित्रिकरण किया गया है। इन मानचित्रों को ग्रीष्म ऋतु के सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग डेटा के उपयोग से बनाया गया है। इससे वनों में जल-स्रोतों में बढ़ोत्तरी हुई है।

गडकरी-एआईएमए

परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश के बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व पर जोर दिया और प्रतिदिन एक सौ किलोमीटर राजमार्ग के निर्माण का लक्ष्य रखा है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ - ए आई एम ए के 10वें राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले 18 महीनों के भीतर देश का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर हो जाएगा।

इन्डियन प्रीमियर लीग

इन्डियन प्रीमियर लीग में आज पंजाब किंग्स का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा। मैच मुल्लांपुर में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। मौजूदा चैंपियन कोलकाता का इस सीजन का यह सातवां मैच होगा। टीम ने 6 में से 3 जीत और 3 हार झेली हैं। दूसरी ओर पंजाब का छठा मुकाबला होगा। पंजाब की टीम ने 5 में से 3 मैच जीते, जबकि 2 में हार का सामना करना पड़ा।

मौसम

प्रदेश में कल से लू का असर शुरू होने की आशंका है । मौसम विभाग के मुताबिक इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग के जिलों में लू चल सकती है। इस दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में गर्मी का असर तेज हो जायेगा । यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। बारिश और आंधी की गतिविधियों में थोड़ी कमी आएगी।

समाचार संक्षेप में .....

- बैतूल जिले ने राजस्व संग्रहण में इतिहास रचते हुए लक्ष्य का 106 दशमलव 9-1 प्रतिशत प्राप्त कर भोपाल परिक्षेत्र में पहला स्थान हासिल किया है.
- उमरिया जिले में ग्रामीण अंचलों के साथ ही अब जिले के समस्त नगरीय निकायों में भी जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- शहडोल जिले में दुग्ध उत्पादन व पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए 36 सहकारी समितियां बनाई गई थीं। इनमें से 10 समितियां केशवाही क्षेत्र में और 26 समितियां ब्यौहारी के मऊ क्षेत्र में गठित की गई।
- नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से अब तक 276 करोड़ 42 लाख रुपए की 1 लाख 6 हजार 316 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की जा चुकी है।
- खंडवा जिले में आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 5 हजार 145 के लगभग हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने गडवाड़ा और छापरी क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक शाला,आयुष्मान आरोग्य केंद्र एवं ई-केवायसी कैम्प का आकस्मिक निरीक्षण किया।
- अशोकनगर में आज नवागत कलेक्टर आदित्य सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया वे हरदा से स्थानांतरित होकर आए हैं।

- देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत टिगरिया गोगा एवं पर्वतपुरा के तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अस्पताल से नवजात बच्चा चोरी होने पर संबंधित अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए।
- प्रदेश में बंद पड़े उद्योगों के बकाया भुगतान के लिए प्रयासरत है सरकार।
- राज्य में वनखण्डों और जल स्त्रोतों के नक्शे तैयार, संरक्षण में मिलेगी मदद ।
- इन्डियन प्रीमियर लीग में आज पंजाब किंग्स का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स से होगा।

....................